तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 दिसंबर 2023


10 मन ही मोक्ष और बंधन का एकमात्र कारण है पं. अनिल


11 जयंती पर लगाये अटल जी का जयकारा



## बलौदाबाजार नगर में बनेगा अटल चौक, पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर मना सुशासन दिवस

# प्रदेश को विकसित बनाने मिलकर करेंगे काम : वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म जयंती पर 25 दिसम्बर को जिले में सुशासन दिवस मनाया गया। नगर के गार्डन चौक में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री एवं बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा शामिल हुए। सर्व प्रथम स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात सुशासन की शपथ ली गई। इस अवसर पर नपाध्यक्ष चित्तावर जायसवाल की मांग पर मंत्री टंकराम वर्मा ने नगर में अटल चौक निर्माण की घोषणा की। इसके पूर्व कलेक्टर चन्दन कुमार, डीएफओ मयंक अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र छात्रों द्वारा गार्डन चौक से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली दशहरा मैदान से वापस गार्डन चौक में समपन्न हुआ। इसके पश्चात स्वच्छता ही सेवा अन्तर्गत सड़क किनारे एवं षष्ठी मंदिर प्रांगण में सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे, मुख्यनगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

### विकास के रास्ते पर ले जाने में फल की चिंता न करें

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि देश व प्रदेश की सेवा में सबको अपना पूरा योगदान देना होगा। प्रदेश को विकास के रास्ते पर ले जाने में फल की चिंता किये बगैर काम करते रहने पर ज्यादा जोर देना होगा। उन्होंने कहा कि स्व अटल बिहारी बाजपेयी ने



रायपुर के दानी गर्ल्स हाई स्कूल में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की घोषणा की थी। छत्तीसगढ़ राज्य उन्ही की देन है। स्व. बाजपेयी का एक ही सपना था कि देश के दीन–दुखियों का मदद कैसे हो। अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक योजना को कैसे पहुंचाया जाए। स्व बाजपेयी ने परमाणु परीक्षण कर देश का लोहा विश्व मे मनवाया। उन्होंने कहा कि 15 साल में हमारी सरकार ने प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के विकास के लिए काम करना है। हम सब संकल्प लें कि इस प्रदेश एवं देश की सेवा में योगदान दें। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने भी संबोधित किया।


# किसान हुए गदगद, मिली लाखों की बकाया बोनस राशि

**भाटापारा।** नई साज सज्जा के साथ प्रदेश में बैठी विष्णु सरकार ने अपने घोषणा पत्र की पूर्व निर्धारित तिथि 25 दिसंबर सुशासन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वीर्गय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती पर स्थानीय कृषि उप मंडी भाटापारा में सुशासन दिवस मनाया गया। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बोनस वितरण कार्यक्रम व सुशासन दिवस के माध्यम से चेक के माध्यम से भाजपा नेताओं ने चेक राशि किसानों को वितरित की।

- चेक के माध्यम से किसानों के खातों में जमा होगी राशि, बाजार भी होंगे गुलजार
- मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का प्रोजेक्टर के माध्यम से हुआ सीधा प्रसारण

स्थानीय भाटापारा कृषि उपज मंडी के गरिमामयी कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री टोन्डे, एसडीम नरेंद्र बंजारा, मंडी सचिव एसएल वर्मा सोसाइटी प्रबंधक एम एल वर्मा, तहसीलदार श्री टोन्डरे, जनपद सीईओ श्री गेंडरे व विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों और पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने क्षेत्र के किसानों को बोनस राशि चेक की सौगात दी। श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के गरीब एवं मध्यवर्गीय परिवारों के आवास को छीनने का काम किया था, भाजपा ने अपने कैबिनेट की प्रथम बैठक में ही 18.5 लाख परिवारों को आवास देने का पहला निर्णय लिया। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में दो वर्ष के बकाया बोनस राशि को 25 दिसंबर सुशासन दिवस के दिन देने का निर्णय लिया था, आज वह पूरा हुआ, प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने किसानों के साथ किया गया अपना वादा पूरा किया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में युवाओं के बीच नशे को बढ़ावा मिला अब की बार विष्णु देव सरकार नशे पर नियंत्रण के लिए कड़े से कड़ा कानून लाएगी। नशे पर नियंत्रण के लिए हर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। प्रदेश की डॉ. रमन सरकार ने 15 साल तक क्षेत्र के किसानों के विकास के ▶▶ शेष पेज 11 पर



### मोदी की गारंटी को पूरा करेगी डबल इंजन सरकार

भाजपा की डबल इंजन की सरकार आने वाले समय में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रदेश की महिलाओं को 12000 प्रतिवर्ष देने योजना का शीघ्र ही क्रियान्वन करेगी। प्रदेश की भाजपा सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने उद्बबोधन में श्री शर्मा ने कहा कि आने वाली 22 जनवरी को देश के लिए दिवाली मनाने जैसा दिन होगा। बाबरी विध्वंस के साथ ही हिंदू समाज द्वारा लगातार 79 बार संघर्ष के बाद देश के युवाओं को राम मंदिर निर्माण का स्वर्णिम अध्याय देखने को मिलेगा। देशभर में 100 ट्रेनों के माध्यम से अयोध्या दर्शन योजना का लाभ आम जनता को मिलेगा। आने वाले लोकसभा चुनाव में देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी क्षेत्र की जनता का सहयोग समर्थन और आशीर्वाद भाजपा और मोदी को अवश्य मिलेगा। मोदी जी की अगली सरकार में निश्चित ही राष्ट्रहित मे बड़े-बड़े निर्णय लिए जाएंगे, जिसके अंतर्गत समान नागरिकता कानून, पाक अधिकृत कश्मीर पर आधिपत्य व तेजी से बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण हेतु कानून लाना मोदीजी की पहली प्राथमिकता रहेगी।

## खबर संक्षेप



### सुबह कोहरा और दिन में ठंड

**खरोरा।** इन दिनों पूरा अंचल शीतलहर की चपेट में है। कड़ाके की ठंड पड़ रही है। प्रतिदिन सुबह बादल छा जाते हैं। इस कारण सुबह से धूप देर से निकलती है। इसके बावजूद कोहरे के कारण सूरज का असर ही नहीं दिख रहा था। शाम होते–होते बादल छंट गए थे। ठंड बढ़ गई। सुबह तापमान न्यूनतम 11 डिग्री रहा। लगातार तापमान में आ रही गिरावट से लोगों की दिनचर्या बदल गई है। सुबह कोहरा और दिन में ठंड से लोग परेशान है।

### मुंबई से मिलेगी रायपुर के यात्रियों को अयोध्या की कनेक्टिंग फ्लाइट

**रायपुर।** रायपुर के यात्री मुंबई की यात्रा करने के बाद अयोध्या जाने के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट की सुविधा ले पाएंगे। निजी एयरलाइंस कंपनी से मुंबई से अयोध्या के लिए 15 जनवरी से फ्लाइट संचालित करने की घोषणा की है। इस फ्लाइट की उड़ान रायपुर-मुंबई फ्लाइट के लैंड होने के घंटेभर बाद होगी। रायपुर से फ्लाइट सुबह 9.30 बजे रवाना होने के बाद सुबह 11.30 बजे मुंबई पहुंचेगी। वहां से 12.30 बजे इंडिगो की दूसरी फ्लाइट अयोध्या के लिए रवाना होगी। वहां 2.45 बजे पहुंचने के बाद अपराह्न 3.15 बजे अयोध्या से रवाना होने के बाद शाम 5.40 बजे मुंबई पहुंचेगी। अयोध्या रामलला मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के पहले मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया गया है, जहां विभिन्न शहरों से उड़ानों का संचालन किया जाएगा।

### लूट मामले के पांच आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में लोकेश वर्मा के साथ 50 हजार रुपए कैश तथा 20 हजार रुपए कीमत की सोने की अंगूठी लूट के आरोप में पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक लूट के आरोप में लक्ष्मण उर्फ वीरू कौशल, विक्की कौशल, नारायण धृतलहरे, मोहम्मद अशफाक, मोहम्मद अमिरूद्दीन को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने लोकेश के बोरियाखुर्द जाने के दौरान उसकी बाइक को रोककर मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम दिया था।

### दो किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** धरसींवा थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से 20 हजार रुपए कीमत का दो किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के अनुसार पप्पू भारती को गांजा ले जाते गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पप्पू गांजा को अपनी बाइक की डिक्की में भरकर बेचने के लिए सांकरा ले जाते गिरफ्तार किया है।

### हाईवा की चपेट में आकर युवक की मौत

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में हाईवा की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक गुल्लू निवासी पंकज ध्रुव की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार पंकज पैदल जा रहा था, इसी दौरान हाईवा सीजी 04 एनएस 4629 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पंकज को अपने वाहन की चपेट में ले लिया। हाईवा की चपेट में आने से पंकज की मौके पर ही मौत हो गई।

## युवक ने घर में लगाई फांसी

**गिधौरी।** नगर पंचायत टुण्डरा में रविवार रात करीबन 7 बजे के 23 वर्षीय युवक ने घर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत टुण्डरा में रविवार रात 7 बजे के आसपास खेमानंद साहू पिता टीकाराम 23 वर्ष वार्ड क्र. 1 गांधी मोहल्ला निवासी ने घर में फांसी लगा लिया। मृतक का चाचा उसे खाना खाने बुलाने गया तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। किसी तरह आनन-फानन में दरवाजे का सीटकीनी तोड़ी गई और अंदर प्रवेश किया गया।



मृतक युवक खेमानंद साहू फांसी पर लटका हुआ था। आवाज लगाकर आसपास के लोगों बुलाकर घटना की जानकारी गिधौरी पुलिस को दी। घटना रात होने के कारण सोमवार सुबह गिधौरी पुलिस मर्ग कायम कर घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को उतारकर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए कसडोल भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया। आत्महत्या कारण अज्ञात है।

# ड्राइवर से मारपीट करने वाले दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

माल भरकर जा रहे ट्रेलर को रोककर उसके चालक से दो युवकों ने शराब पीने के लिए पैसे की मांगा। पैसा देने से इंकार करने पर आरोपियों ने चालक से मारपीट कर वाहन में तोड़फोड़ की। प्रार्थी ने इसकी शिकायत पर सुहेला थाना में दर्ज करायी, जहां पुलिस ने मामले की जांच करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया।

घटना के पश्चात दोनों व्यक्ति वहां से भाग गये। थाना प्रभारी सुहेला निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में थाना स्टाफ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अरूण सिंह पिता कृष्ण कुमार भैना 26 साल साकिन सोनियापाट थाना सारागांव जिला जांजगीर-चांपा हाल लोडर ड्रायवर एचटीसी कंपनी हथबंद एवं अक्षय पिता रामाधार उरांव 25 साल साकिन बस्ती बाराद्वार हाल मुकाम ग्राम सरोरा संभव पाइप कंपनी




क्वार्टर थाना तिल्दा को अपराध धारा सदर घटित करना पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय पेश करने रवाना किया गया है। प्रकरण के आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक अजय झा, सउनि विरेन्द्र सिंह, माधो प्रसाद साहू, संजय सोनी, दिनेश चंद्रवंशी शामिल थे।

### शराब पीने के लिये पैसे की मांग की

जानकारी के अनुसार प्रार्थी दिनेश कुमार पिता राजदेव यादव 29 वर्ष साकिन कोसडीहरा जिला औरंगाबाद बिहार ने सुहेला थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 दिसंबर रात 8 बजे करीब अपनी ट्रेलर क्र. सीजी 22 वी 6711 को लेकर हथबंद से बलौदाबाजार जा रहा था, कि सुहेला में बस स्टैण्ड से पहले बासीन मोड के पास दो व्यक्ति मोटरसाइकिल क्र. सीजी 04 एमडी 8794 से आये और बाइक को मेरे ट्रेलर के सामने रोड में खड़ी कर रोककर शराब पीने के लिये पैसा मांगने लगे तथा नहीं देने पर अश्लील गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर पत्थर से मेरे ट्रेलर के सामने के कांच को फोड़ दिये।

# सुशासन दिवस पर खनिज विभाग की रेड पांच वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवां

सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा कोसीर, सरसींवा, भटगांव एवं बिलाईगढ़ क्षेत्र की जांच की गई। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कोसीर क्षेत्र में 02 ट्रैक्टर रेत एवं सरसींवा क्षेत्र में 02 ट्रैक्टर रेत व भटगांव क्षेत्र में 01 हाइवा बंजरी गिट्टी अवैध खनिज परिवहन करते पाये जाने पर स्थल पर ही 5 वाहनों को जब्त कर आगामी कार्रवाई तक थाना प्रभारी कोसीर, सरसींवा एवं भटगांव के सुपुर्दगी में दिया गया। जांच टीम में खनिज अधिकरी एचडी भारद्वाज, दीपक पटेल, लक्ष्मीनारायण घृतलहरे शामिल थे।

## जनचेतना पदयात्रा के प्रवर्तक मुरारी मिश्रा ने शराब से होने वाले नुकसान गिनाये

# विकसित प्रदेश बनाने के लिए अवैध शराब पर प्रतिबंध जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जनचेतना पदयात्रा के प्रवर्तक मुरारी मिश्रा का आगमन ग्राम टोनाटार में हुआ, जहां सरपंच, गणमान्य नागरिक एवं महिलाओं द्वारा आरती उतारकर स्वागत किया गया। उसके बाद रथ के साथ अवैध शराब को बंद करने, शराब बंदी लागू करने गांव में शांति एवं कानून व्यवस्था के सुधार, बच्चों के भविष्य के लिए, किसानों के खेत को बचाने के लिए शराब के खिलाफ नारेबाजी के साथ जनजागरण किया तथा शराब से होने वाले नुकसान का पाम्प्लेट घर–घर बांटा गाया।



चौक एवं रामसागर पारा चौक में सभा को संबोधित करते हुए मुरारी मिश्रा ने कहा कि अगर छत्तीसगढ़ के बच्चों के भविष्य को बचाना, किसानों के खेती के जमीन को सुरक्षित रखना है, नवजवानों की प्रतिभा की रक्षा करना, छत्तीसगढ़ के गांव-गांव को खुशहाल रखना और छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाना है, तो उसका एक ही उपाय है गांव-गांव में बिक रहे अवैध शराब को रोका जाये। अवैध शराब बेचने वाले कोचियों के लिए कड़ी से कड़ी कार्रवाई का प्रावधान हो। जिसमें एक साल तक जमानत न हो तथा उस क्षेत्र के पुलिस अधिकारी एवं आबकारी अधिकारी को भी दोषी मानते हुए कार्रवाई हो। संगोष्ठी एवं चर्चा के दौरान जगह–जगह शराब पीने वालों को शराब न पीने की सलाह देकर शराब से होने वाले अत्याधिक नुकसान के बारे में समझाया गया। साथ ही नवनिर्वाचित छत्तीसगढ़ सरकार से अवैध शराब बिक्री को बंद करने की मांग की गई।कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि बुद्धेश ध्रुव, पंच योमन ध्रुव, विष्णु कोशले, रामकुमार धृतलहरे, महिला समूह से अंजु वर्मा, सरस्वती वर्मा, सोनी यादव, पूजा यादव, शंकर दास वैष्णव, पिंकू वर्मा, दीपक यादव, भैयाराम फेकर, रवि वर्मा, राहुल धृतलहरे, पदयात्री रिखीराम वर्मा, हीरासिंह ध्रुव, विष्णु प्रसाद साहू, पुनीत कुमार, जतिन भसगौरी, पुष्पेन्द्र वर्मा, कामदेव वर्मा, वासू इत्यादि उपस्थित थे।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# एसआई भर्ती परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर युवाओं ने निकाली रैली, गड़बड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में एसआई भर्ती परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए युवाओं ने रविवार को नेताजी सुभाष स्टेडियम से रैली निकालकर आंबेडकर चौक में प्रदर्शन करते हुए एसएसपी कार्यलय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के युवाओं ने बिलासपुर में भी रैली का आयोजन किया।

प्रदर्शन कर रैली निकालने वाले युवाओं के मुताबिक हाईकोर्ट ने भी भर्ती परीक्षा में धांधली को स्वीकार किया है। इस लिहाज से राज्य सरकार को पूरे मामले की जांच करने के आदेश देने के साथ परीक्षा रद्द करने का आदेश देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में 655 पदों की भर्ती के लिए वैकेंसी निकाली गई थी, लेकिन एसआई भर्ती का मामला अटक गया। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट ने अक्टूबर में फैसला सुनाया कि राज्य सरकार चुनाव आयोग की अनुमति लेकर एसआई भर्ती परीक्षा आयोजित करे, तब छात्रों को 10 दिन का समय देते हुए व्यापम ने छात्रों का प्री-एग्जाम टेस्ट लिया।

**युवाओं ने कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च किया**





### इसलिए गड़बड़ी का आरोप

परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के मुताबिक उन्हें परीक्षा परिणाम का रिजल्ट लिफाफे में सौंपा गया। रिजल्ट देने के बाद आनन-फानन में 15 दिन में फिजिकल टेस्ट लिया गया। वर्ष 2018 तथा वर्ष 2023 की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के मुताबिक वर्ष 2018 में जब परीक्षा आयोजित की गई, तब प्रतियोगी कम थे। अब परीक्षा आयोजित की गई, उसमें काम्पीटिटर बढ़ गए, साथ ही पदों की संख्या में जितना इजाफा होना चाहिए, वह नहीं किया गया। परीक्षार्थियों के अनुसार वर्ष 2018 में जब भर्ती परीक्षा निकली थी, तब एक ही दिन में परीक्षा होने के साथ फिजिकल टेस्ट लिया गया। छात्रों ने उसी तर्ज पर परीक्षा आयोजित करने की मांग करते हुए वर्ष 2018 में शामिल परीक्षार्थियों को परीक्षा में रियायत दिलाने की मांग की है।

**खबर संक्षेप**



### बाबा बैद्यनाथ धाम से लौटे मंत्री बृजमोहन

**रायपुर।** देवघर में बैद्यनाथ धाम में महादेव के दर्शन कर लौटे मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री बनने के बाद बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचकर महादेव से आशीर्वाद लिया और छत्तीसगढ़ की खुशहाली की कामना की।
उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसंबर, जिसको पूरा देश और विश्व, सुशासन दिवस के रूप में मनाता है, ऐसे शुभ दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सभी किसानों के खाते में बीते 2 साल का धान बोनस ट्रांसफर करेंगे। यही मोदी की गारंटी है और मोदी की सभी गारंटी पूरी की जाएगी, जिससे लोगों के मन में भाजपा के लिए विश्वसनीयता का भाव जागेगा और आने वाले समय लोकसभा चुनाव में भाजपा छत्तीसगढ़ में सभी 11 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार पर श्री अग्रवाल ने कहा, बेरोजगारों ने कांग्रेस को सबक सिखाया है। सीजीपीएससी घोटाले ने छत्तीसगढ़ के 20 लाख से ज्यादा नौजवानों के भविष्य को बर्बाद किया है। हमारी सरकार यूपीएससी की तर्ज पर पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती करेगी।

### डेंटल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित



**रायपुर।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन की रायपुर शाखा की वार्षिक आमसभा एवं सीडीई प्रोग्राम निजी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुंबई से आईं विख्यात दंत चिकित्सक डॉ. स्मृति द्वारा ओरल सर्जरी के विषय में अपने अनुभव साझा करते हुए विभिन्न सुझाव दिए गए। इस अवसर पर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया, जिसमें डॉ. आभाष शुक्ला को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। साथ ही कार्यकारिणी एवं अन्य एग्जिक्यूटिव मेंबर्स का चयन भी किया गया। नवनिर्वाचित चिकित्सकों ने अपने अपने पद की शपथ ली। कार्यक्रम में विशेष अतिथि स्टेट डेंटल काउंसिल के नवनियुक्त रजिस्ट्रार डॉ. वास्ती भी मौजूद थे। कार्यक्रम में डॉ. राजेश खेमका, डॉ. आरके दुबे, डॉ. सोपान सिंह, डॉ. विवेक लाठ, डॉ. शाहिद, डॉ. प्रवेश, डॉ. वैभव तिवारी, डॉ. बाफना विशेष रूप से शामिल हुए।

### नक्सलवाद का केंद्र सरकार के साथ मिलकर करेंगे खात्मा

**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, नक्सलवाद को लेकर भी केंद्रीय मंत्री अमित शाह से दिल्ली दौरे में चर्चा हुई है। केंद्र सरकार के साथ मिलकर रणनीति बनाकर नक्सलवाद का खात्मा किया जाएगा। अब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बन गई है तो छत्तीसगढ़ का एक बार फिर तेजी से विकास होगा। दिल्ली में छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश को भयमुक्त बनाना और कानून व्यवस्था को बहाल कराना हमारी प्राथमिकता में है। दिल्ली से वापस लौटने पर श्री साय ने विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, शपथ ग्रहण के बाद हम लोगों का यह पहला दिल्ली दौरा था।

## मन ही मोक्ष और बंधन का एकमात्र कारण है पं. अनिल

**भागवत कथा में झांकी निकाल कर विवाह उत्सव मनाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





विकासखंड के ग्राम सेल में साहू परिवार द्वारा अपने पिता स्व. मोहन लाल साहू के पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस के सत्र में व्यासपीठ से आचार्य पं. अनिल शुक्ला द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीला चरित्र का विस्तृत वर्णन सुनाया। उन्होंने बताया कि भगवान के जन्मोत्सव के बाद भगवान पूतना राक्षसी का उद्धार करते हैं। तीन माह में सकटासुर का उद्धार करते हैं तथा छः माह की अवस्था में तृणावर्त का उद्धार किए। कथा प्रसंग में एक वर्ष की अवस्था में भगवान का नामकरण संस्कार हुआ। भगवान के बाल लीला में माखनचोरी, ऊखलबंधन की कथाओं का वर्णन किया गया। महराज ने बताया कि भगवान स्वयं ऊखल में बंधे हुए दो देव पुरूषों को वृक्ष योनि से मुक्ति प्रदान करते हैं तथा हमें ज्ञान प्रदान करते हैं कि जीव के लिए बंधन तन नहीं है जीव के लिए सर्वोपरि बंधन उसका मन ही है। मन ही बंधन और मुक्ति का परम कारण है।

भगवान का वृंदावन प्रवेश, गौ चारण, बकासुर, अघासुर, धेनुकासुर और कालिया निग्रह की कथाओं का वर्णन सुनाया गया। भगवान द्वारा जीवों की स्वाभिमान व वृंदावन वासियों की रक्षा हेतु गोवर्धन धारी बने, रास को आयाम बनाकर गोपियों के भक्ति को पूर्णता प्रदान करते हैं।भगवान का मथुरा प्रवेश व कंस वध की कथाओं का वर्णन किया गया। भगवान द्वारा सांदीपनि गुरु के आश्रम में विद्याध्यन की कथा व मथुरा पुरी की रक्षा, जरासंध के आक्रमण से बचाव व पुर वासियों की परम रक्षा के लिए द्वारिकापुरी का निर्माण की कथाओं का वर्णन सुनाया गया। कथा विशेष में भगवान कृष्ण व रूखमणी मंगल का भावपूर्ण चित्रण किया गया तथा झांकी निकाल कर विवाह उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में महेश राम साहू, हेमलाल साहू, हरिदत्त साहू, ओंकार साहू, अमृतलाल साहू, लक्ष्मी देवांगन, सुरेश देवांगन, चित्रेश्वर वर्मा एवं साहू परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## आत्मानंद स्कूल में हुई अभिभावकों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कसडोल में अभिभावकों की बैठक रखी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य सन्तोष कुमार वर्मा ने अभिभावकों से संवाद किया।

जिसमें स्कूल के पढ़ाई और उसमें सुधार के लिए महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। साथ ही कुछ दिनों से पुनः कोविड-19 के नई वेयरेंट के बारे में भी बच्चों की सुरक्षा हेतु प्रमुख सावधानियों और उसके बचाव के बारे में चर्चा की। साथ ही प्रत्येक छात्रा-छात्राओं को मास्क के साथ विद्यालय आने को कहा गया। स्कूल की साफ सफाई के बारे में भी पालकों के सुझाव को लिया गया। बैठक में पालकों ने विद्यालय की पढ़ाई और मिलने वाले सुविधाएं के लिए अपनी प्रसन्नता जाहिर की और प्राचार्य को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम अभिभावकों के साथ साथ शिक्षक-शिक्षकाओ ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जीएसटी अफसरों का समावर्तन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एनसीआईएन द्वारा निरीक्षक, जीएसटी के द्वितीय बैच का समावर्तन समारोह आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 सितंबर से 22 दिसंबर के मध्य हुआ। प्रशिक्षण में 3 महिला अधिकारी सहित 30 अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एनसीआईएन के अपर निदेशक शैलेंद्र कुमार ने स्वागत भाषण दिया।

अफसरों को प्रशिक्षण के दौरान जीएसटी, कस्टम्स, नारकोटिक्स तथा आर्म्स ट्रेनिंग के अलावा एडवेंचर तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेंट्रल जीएसटी आयुक्त मोहम्मद आबू सामा रहे। आयुक्त ने प्रशिक्षण में शामिल लोगों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आयुक्त ने अपने संबोधन में जीएसटी से देश की आर्थिक उन्नति में होने वाले योगदान के बारे में बताया। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को अपने कार्यों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करने की शपथ भी दिलाई। करण सिंह को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु घोषित किया गया। समावर्तन समारोह में उपनिदेशक शिवी सांगवान, सहायक निदेशक अजय भटकर सहित विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक कुमार पांडे, डीजीजीआई के अपर महानिदेशक विनोद कुमार अग्रवाल आदि शामिल थे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

**रायपुर।** जीई रोड स्थित अनुपम गार्डन में रविवार को कांग्रेस पार्टी के 138 वर्ष पूर्ण होने पर रायपुर शहर में निवासरत समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मदद लेकर देश को आगे ले जाने का काम करेंगे तथा हम सब मिलकर पार्टी को और मजबूत करें।

## संत डॉ. ज्ञानवत्सल स्वामी का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों सहित प्रदेशाध्यक्ष प्रीतेश गांधी ने अक्षरधाम बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर के महान संत डॉ. ज्ञानवत्सल स्वामी के रायपुर आगमन पर एयरपोर्ट में पाटीदार समाज के युवा साथियों के साथ अंगवस्त्र भेंट कर, स्नेहिल स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुजराती समाज के विभिन्न घटकों के कार्यक्रम में स्वामीजी शामिल होंगे। इस मौके पर समाज के प्रदेशाध्यक्ष प्रीतेश गांधी ने कहा, बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था एवं कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज द्वारा रायपुर में भव्य आयोजन में शामिल होने रायपुर आगमन पर स्वामीजी के दर्शन सौभाग्य की बात है। स्वामीजी अपना संपूर्ण जीवन मानव समाज को समर्पित कर पथ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि डॉ. ज्ञानवत्सल स्वामी लाइफ एवं एमिनेंट स्पीकर हैं, जो अपने विचारों से लाखों लोगों की जिंदगी में परिवर्तन लाने वाले संत हैं। जिन्होंने 20 से ज्यादा देशों में अलग-अलग विषयों पर अपने आध्यात्मिक, समाजसेवी एवं मोटिवेशनल स्पीच से हिंदू आदर्श को बढ़ावा देते हुए समाज, परिवार, जीवन में सुधार जैसे विषयों पर लाखों लोगों के जीवन में सुधार एवं परिवर्तन लाया है।

### ये रहे उपस्थित

स्वागत करने वालों में निकुंज कांचा, पाटीदार युवा मंडल रायपुर उपाध्यक्ष कांति पटेल, महामंत्री भरत पटेल, मंत्री प्रवीण पटेल, हर्षद पटेल, पंकज पटेल, किरण पटेल, नितिन पटेल, गुजराती स्कूल के सहसचिव दिनेश पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष जयंती पटेल, पूर्व कोरबा जिला महामंत्री नवीन भाई पटेल, नितिन डॉलकिया, बंटी पटेल, मुकेश पटेल, भावना टाक, प्रकाश पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### मंत्री दयालदास का सिमगा में भाजपाइयों ने किया स्वागत...



सिमगा। केबीनेट मंत्री दयालदास बघेल के प्रथम सिमगा नगर आगमन पर भाजपा नेताओं ने आतिशबाजी कर फूलमाला के साथ आत्मीय स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से अनिल पांडे, धीरज जैन, मानकलाल जैन, नीरज शर्मा, अभिजीत अवस्थी, सचिन जैन, मुरली साहू, पीयूष जैन, शांतनू सोनकर, माया सलूजा, जगमोहन मारकंडेय, मनोज टोंड सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सबसे बड़े अस्पताल की सबसे बड़ी समस्या जांच मशीनें पुरानी, संख्या कम, वेटिंग ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जांच का अधिक बोझ सहकर काफी पुरानी हो चुकी जांच मशीनें कभी भी बिगड़ जाती हैं। आंबेडकर अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए इन मशीनों को बदलने सहित अन्य कमियों को दूर करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इसके अलावा सालों से लंबित चिकित्सक सहित स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती के लिए नई सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। राज्य में मरीजों के उपचार का सबसे ज्यादा बोझ आंबेडकर अस्पताल पर है। यहां आने वाले मरीजों का इलाज शुरू करने के लिए सोनोग्रॉफी, एक्सरे, एमआरआई अथवा सीटी स्कैन जांच की आवश्यकता होती है। जानकार सूत्रों का कहना है कि अस्पताल में सबसे पहले इन मशीनों को बदलने अथवा इनकी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। सीमित संख्या और लगातार उपयोग की वजह से जांच मशीनें काफी हद तक साथ छोड़ने की कगार पर हैं और अक्सर जांच के दौरान इसमें खराबी आने की शिकायतें सामने आती हैं। इसकी वजह से मरीजों को जांच के लिए न केवल लंबा इंतजार करना पड़ता है, बल्कि कई बार उनका उपचार भी प्रभावित होता है।

## 21 क्विंटल खरीदी से धान का लक्ष्य बढ़कर होगा 155 लाख मीट्रिक टन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस खरीफ सीजन में राज्य में धान खरीदी का सबसे बड़ा सौदा होने की संभावना है। राज्य में सीजन में 155 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी होना संभावित है। अगर इतनी मात्रा में धान खरीदा जाता है तो यह अपने आप में एक बड़ा रिकार्ड होगा। राज्य में अब पिछले साल तक 107 लाख मीट्रिक टन सर्वाधिक धान खरीदी पिछले साल हुई थी।छत्तीसगढ़ में इस खरीफ सीजन में अब तक की सबसे अधिक धान खरीदी होने की संभावना है। दरअसल पूर्ववर्ती सरकार ने 20 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा था। अब भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी शुरू कर दी है। प्रदेश में किसानों की संख्या 26 लाख से अधिक है।

### किसानों को मिलेगी सबसे अधिक कीमत

राज्य की भाजपा सरकार ने किसानों से 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश जारी किया है। इस हिसाब से किसान को एक एकड़ धान की उपज बेचने पर 65 हजार 100 रुपए मिलेंगे। धान की इतनी कीमत कभी भी राज्य के किसानों को नहीं मिली है। पिछले सीजन में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार 15 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीद रही थी। इस बार धान की मात्रा और कीमत दोनों बढ़ी है।

*21 क्विंटल में है ये पेंच भी : राज्य में अब तक करीब पौने 11 लाख किसान अपना धान 20 क्विंटल के हिसाब से बेच चुके हैं। इन किसानों से अब प्रति एकड़ 1 क्विंटल धान और लिया जाना है, लेकिन एक एकड़ जमीन वाले किसान केवल 80 किलो ही धान बेच पाएंगे। वजह ये है कि सोसायटियों में धान खरीदी 40 किलो भर्ती वाले बोरे में की जाती है। ऐसे में एक एकड़ वाला किसान दो बोरे धान ही बेच सकेगा। उससे 20 किलो धान की खरीदी नहीं हो सकेगी। जबकि दो एकड़ वाले किसान 40 किलो भर्ती की बोरी में पांच बोरी यानी दो क्विंटल धान बेच पाएंगे।*

*...तो चौथा टोकन भी जारी करना होगा : धान खरीदी के दौरान अब तक की व्यवस्था ये है कि अधिक मात्र में धान बेचने वाले किसानों को अलग-अलग तारीख के तीन टोकन दिए जाते हैं, जो किसान 20 क्विंटल के हिसाब से तीन टोकन में अपना धान बेच चुके हैं, उन्हें 21 क्विंटल के हिसाब से बचा धान बेचने के लिए अलग से टोकन जारी करना होगा।*

## नए प्रदेश प्रभारी की नियुक्ति के बाद अब कांग्रेस संगठन में होगा फेरबदल

■ चुनाव के बाद अंतर्कलह से निपटना नए प्रदेश प्रभारी के लिए बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस ने यहां के प्रदेश प्रभारी को हटाकर सचिन पायलट को नया प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति के बाद प्रदेश कांग्रेस संगठन में नए सिरे से फेरबदल की संभावना है। बताया जाता है कि आगामी लोकसभा चुनाव के पहले इसे पूरा कर लिया जाएगा। जिला और ब्लॉक अध्यक्षों के अलावा प्रदेश पदाधिकारियों पर भी आंच आ सकती है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार जिला कांग्रेस के उन अध्यक्षों को भी हटाया जा सकता है, जहां पर पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश कांग्रेस के अंतर्कलह उफान पर है। ऐसे में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी को खड़ा करना नए प्रदेश प्रभारी के लिए पहली चुनौती होगी। विधानसभा चुनाव के दौरान जिला और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों द्वारा जो नाम सुझाए गए, उनके अनुसार टिकट न बांटकर सर्वे को आधार बनाया गया। अब परिणाम आने के बाद वहां के प्रत्याशी स्थानीय नेताओं और जिला कांगेस पर दोष मढ़ने लगे हैं। पार्टी की समीक्षा में भी कई बातें सामने आई हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि संगठन में फेरबदल कर पार्टी में उठी अंतर्कलह को दूर किया जाए। संगठन स्तर पर हर जिले के विधानसभा चुनाव के परिणामों की समीक्षा के अनुसार लगभग आधा दर्जन जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को कार्रवाई के तहत पद से हाथ धोना पड़ सकता है।

**पुराने अध्यक्ष की नियुक्ति :** पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की नियुक्ति चुनाव के चार माह पहले हुई थी। उसके पूर्व पीसीसी की कमान मोहन मरकाम के हाथों में थी। उन्होंने संगठन में अपने अनुसार जिला और ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की थी। नए अध्यक्ष के आने के बाद जगदलपुर और एक-दो जगहों के जिला अध्यक्षों को बदला गया। वहीं कई जिला अध्यक्षों ने भी टिकट की दावेदारी की थी। हालांकि उनमें से एक-दो को टिकट भी मिला, पर वे चुनाव हार गए। अब पार्टी इसकी समीक्षा कर नए लोगों को मौका दे सकती है।

### इन जिलों में बदले जा सकते हैं अध्यक्ष

चुनाव परिणाम आने के बाद पार्टी नए सिरे से इसकी समीक्षा कर रही है कि किन जिलों में पार्टी को भारी नुकसान हुआ। वहां पर जिला अध्यक्षों की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। इन जिलों में रायपुर, दुर्ग, कवर्धा, बलौदाबाजार, महासमुंद, बलरामपुर, कोरिया, सरगुजा, रामानुजगंज, बैकुंठपुर, कोरबा, बिलासपुर सहित कई अन्य जिले भी शामिल हैं, जहां पार्टी को भारी हार का सामना करना पड़ा। यहां पर संगठन के स्थानीय विधायकों से समन्वय और अन्य मामलों की समीक्षा की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### वाजपेयी की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मितानिन कौशल्या चंद्राकर, शशि चंद्राकर, लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, बबली चंद्राकर, जय चंद्राकर, फेकन चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, संवेदना समूह के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### तुलसी जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में मां तुलसी की जयंती पर माता तुलसी की पूजा अर्चना की गई। इसमें सरोज चंद्राकर, लीना चंद्राकर, ममता चंद्राकर, पूनम चंद्राकर, लता चंद्राकर, सरोज चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि तुलसी के पौधे की पूजा को हिंदू धर्म में काफी महत्वपूर्ण माना गया है। हिंदू धर्म के लोगों ने सुबह और शाम दोनों ही समय तुलसी की पूजा करते हैं।

### तीन करोड़ 52 लाख रुपए का धान बोनस अंतरित : जयप्रकाश

महासमुंद। समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2015 एवं 2016 की बचत बोनस राशि प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण सहकारी समिति चरौदा में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुवन साहू भाजपा नेता खल्लारी, अध्यक्षता देवक राम साहू समाज सेवी एमकेबाहरा, विशिष्ट अतिथि रामनारायण साहू ग्राम प्रमुख, नुभे साहू थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ महतारी भारत माता की पूजा अर्चना कर हुआ। संस्था के प्रबंधक जयप्रकाश साहू ने आतिथ्य उद्बोधन के दौरान धान बोनस की राशि कुल 938 किसानों के तीन करोड़ 52 लाख रुपए अंतरित कहे जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह राशि लगभग कर्ज माफ़ी के बराबर की है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन के दौरान डबल इंजन की सरकार के फायदों को बताया एवं धान की कीमत शीघ्र 3100 रुपए होने की बात कही। सभा को देवक राम साहू ने भी संबोधित किया।

पेज 9 का शेष

### किसान हुए गदगद...

लिए हर संभव प्रयास किया था। सिंचित क्षेत्र को और अधिक बढ़ावा देने के लिए भाजपा द्वारा किये गये प्रयासों का सबसे बड़ा उदाहरण है। भाटापारा शाखा नहर 30 जनवरी 1976 को तात्कालिक कांग्रेस सरकार ने भाटापारा शाखा नहर निर्माण का भूमि पूजन किया था, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने शाखा नहर की ओर कभी ध्यान नहीं दिया। प्रदेश की डॉ. रमन सिंह की सरकार के आने के बाद मेरे निरंतर प्रयास के बाद आज लगभग 60000 एकड़ से अधिक भूभाग में क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल रही है, जो हम सबके लिए गर्व की बात है।

कृषि उपज मंडी प्रांगण में बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अभनपुर में बोनस वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया था।





## सुशासन दिवस : ऑनलाइन भुगतान होते ही किसान देखने लगे अपने-अपने मोबाइल पर मेसेज

# दो साल का बकाया धान बोनस मिला, किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने मोदी गारंटी के तहत 2023 विधानसभा चुनाव की घोषणा पत्र में किए अपने वायदों पर जनहित में अमल करना शुरू कर दी है। सर्व प्रथम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शपथ लेते ही छत्तीसगढ़ में पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा रोके गए गरीबों के 18 लाख प्रधानमंत्री आवास पर हस्ताक्षर किए। उसके बाद तीन दिवसीय शीत कालीन सत्र में महतारी वंदन योजना के लिए अनुपूरक बजट पास किए। इसी कड़ी में 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी की जन्मदिन के अवसर पर अटल सुशासन दिवस के तारतम्य में पिछली भाजपा शासन काल के छूटे हुए किसानों के दो साल के बकाया धान बोनस को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक साथ ऑनलाइन किसानों के खाते में भुगतान कर दिए।

इसी के तहत विकासखंड मुख्यालय कसडोल के कृषि उपज मंडी प्रांगण में अटल सुशासन दिवस के अवसर पर कृषि एवं सहकारिता विभाग द्वारा बकाया धान बोनस वितरण समारोह का आयोजन कर क्षेत्र के किसानों को बोनस प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर सांसद सुनील सोनी, अध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू, छाया विधायक धनीराम धीवर, मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी थे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना पश्चात राजकीय गान से हुआ। फिर अधिकारियों व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। उसके बाद उपस्थित किसानों को मुख्य अतिथि रायपुर सांसद सुनील सोनी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने संबोधित किया।

इस अवसर पर अतिथियों के अतिरिक्त महामंत्री अंजीव जायसवाल, जिला मंत्री कृष्ण कुमार पटेल, जिला प्रतिनिधि संतोष कश्यप, उपाध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी, संतोष वैष्णव जोगेन्दर दवानी, शीला वर्मा, सत्यभामा साहू, अनिल श्रीवास, खूबलाल साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनुराधा कर्ष, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम कैवर्त सत्यनारायण पटेल, भरत दास मानिकपुरी, धर्मेंद्र पैकरा ईश्वर पटेल समारु कैवर्त सहित किसान, अधिकारी कर्मचारी, पत्रकार, एवं भाजपा कार्यकर्त्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कृषि उपज मंडी में मनाया गया सुशासन दिवस



**सिमगा।** अटल सुशासन दिवस पर कृषि उपज मंडी सिमगा में धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वर्ष 2014–15 एवं 2015– 2016 के धान खरीदी के लंबित बोनस 300 रुपए प्रति क्विंटल के मान से बोनस वितरण हेतु विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। साथ ही साथ विकासखंड स्तरीय स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया तथा स्वच्छता का शपथ दिलायी गई। स्वच्छ भारत अभियान के विविध पहलुओं पर चर्चा करते हुए स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत विकासखंड सिमगा के लगभग 27 हजार किसानों को 59 करोड़ की राशि का अंतरण राज्य स्तर पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के लाइव कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मी वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि अदिती बघमार पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अनिल पांडे वरिष्ठ भाजपा नेता, केजू राम बघेल, शिव कटारिया, लखन लाल अग्रवाल, मोहन धिकड़े, बंशी यदु, छोटू यादव, चंद्रमणि तिवारी, सचिन जैन, नीरज शर्मा, हेमसिंह चौहान, मनोज टोंडे, परस पाटकर, राजेश सिंह, करण वर्मा, एसडीएम अमित कुमार गुप्ता, अनिरूद्घ मिश्रा, तहसीलदार पीएस ध्रुव, सहकारिता विस्तार अधिकारी, सहकारी समितियों के प्रबंधक, अधिकारी- कर्मचारी सहित जनपद सदस्य सरपंच पंच एवं नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ दिनेश उपाध्याय एवं सीईओ अमित दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रतिकात्मक रूप से बोनस राशि अंतरण का प्रमाण पत्र कृषक गणेश वर्मा, मनहरण शिवप्रसाद वर्मा, दिलीप वर्मा, खुमान सिंह को किया गया।

# डबल इंजन की सरकार में न्याय और विकास होगा : टंकराम वर्मा



**बलौदाबाजार।** सुशासन दिवस पर सोमवार को नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर में धान बोनस वितरण समारोह का जिला स्तरीय आयोजन प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्यआतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर पीएम उज्ज्वला योजना के 7 हितग्राहियों को एलपीजी गौस स्टोव, कृषि विभाग द्वारा 5 किसानों को स्पेयर पम्प तथा 12 किसानों को धान बोनस वितरण प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि अटल सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को रायपुर जिले के अभनपुर के ग्राम बेन्द्री में आयोजित राज्य स्तरीय धान बोनस वितरण समारोह में धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत किसानों का दो साल का बकाया बोनस राशि ऑनलाइन अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के किसानों से सीधा संवाद किया। बलौदाबाजार जिले के 1 लाख 77 हजार 377 किसानों की 279 करोड़ 62 लाख रुपये की बोनस राशि उनके खाते में ऑनलाइन अंतरण किया गया है।

कार्यक्रम में मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मजबूत नेतृत्व से ही देश व प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हो सकता है। वर्तमान में देश व छत्तीसगढ़ राज्य में मजबूत नेतृत्व है। डबल इंजन की सरकार है, जिसमें किसी के साथ अन्याय व अत्याचार नहीं होगा। सबका साथ सबका विकास के साथ विकास होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विशेष रूप से किसान, युवा एवं महिलाओं की उन्नति के लिए अनेक योजनाएं विभिन्न विभागों के माध्यम से लागू की है। पीएम आवास योजना से गरीबों को पक्का मकान, महिलाओं को पीएम उज्ज्वला योजना से गैस सिलेण्डर एवं जल जीवन मिशन से घर– घर नल से जल की सुविधा मिल रही है। प्रधानमंत्री भारत की सभ्यता और संस्कृति को संजोने का काम कर रहे हैं। मोदी की गारंटी, गारंटी की गारंटी है। उसी गारंटी को हम गांव के विकास तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट की बैठक में 18 लाख आवास की स्वीकृति दी। इसी प्रकार किसानों को दो साल का बकाया बोनस राशि, महतारी वंदन योजना के लिए राशि, 21 क्विटल धान की खरीदी को मंजूरी दी। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा , नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुमन वर्मा ने भी संबोधित किया।

# जिले में 79780 किसानों को मिला 134 करोड़ 72 लाख रुपए का धान बोनस

**मुड़पार-सरसीवां ।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से किसानों के खाते में दो वित्तीय वर्ष का धान बोनस राशि ऑनलाइन अंतरित किया। वित्तीय वर्ष 2014–15 में जिले के 38 हजार 609 किसानों को 65 करोड़ 24 लाख 89 हजार 200 रूपए और वित्तीय वर्ष 2015–16 में जिले के 41 हजार 171 किसानों को 69 करोड़ 47 लाख 27 हजार 400 रूपए प्रदान किया गया। इस प्रकार दोनों वित्तीय वर्ष को मिलाकर कुल 79 हजार 780 किसानों को कुल 134 करोड़ 72 लाख 16 हजार छह सौ रूपए प्रदान किए गए।

■ कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी सहित जनप्रतिनिधियों ने किसानों को धान बोनस वितरण का प्रतीकात्मक चेक भेंट किए

बरमकेला के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समारोह में कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी सहित जनप्रतिनिधियों ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की पूजा–अर्चना किया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी सहित जनप्रतिनिधियों ने किसानों के साथ सामूहिक रूप से धान बोनस वितरण का प्रतीकात्मक भेंट किए। कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभी अतिथियों और किसानों का आभार व्यक्त की।



इस अवसर पर बीईओ नरेश चौहान, सीईओ जनपद प्रज्ञा यादव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। सारंगढ़ के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने वाजपेयी जी की पूजा की और किसानों के साथ सामूहिक रूप से धान बोनस वितरण का प्रतीकात्मक भेंट किए। अतिथियों में विधायक उत्तरी जांगड़े, शमसेर सिंह, केराबाई मनहर, कामदा जोल्हे, अन्य अतिथियों में मंजू मालाकार, सोनी बंजारे, अरविंद हरिप्रिया, श्यामसुंदर रात्रे, शिवकुमारी चौहान, अजय गोपाल, ज्योति पटेल, मयूरेश केशरवानी, जीवन रात्रे, परिमल चन्द्रा, रामअवतार यादव, अरूण मालाकार, गनपत जांगड़े, सूरज तिवारी, गोल्डी नायक, अजय बंजारे, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, हरिशंकर चौहान, नेत्रप्रभा सिदार, रूपाली मेश्राम, व्यासनारायण साहू, मनोज यादव, रोहित सिंह ठाकुर सहित हजारों की संख्या में किसान उपस्थित थे। कौशल विकास पुरूषोत्तम स्वर्णकार ने किया। जनप्रतिनिधियों ने वाजपेयी जी की पूजा की और किसानों के साथ सामूहिक रूप से धान बोनस वितरण का प्रतीकात्मक भेंट किए। अतिथियों में सरिता भारती, सुभाष जालान, डॉ. दिनेश जांगड़े, सतीश रात्रे, सीईओ बिलाईगढ़ योगेश्वरी बर्मन सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### मनाया गया सुशासन दिवस



**खरोरा।** 25 दिसबंर को ग्राम पंचायत कनकी अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयीजी की जयंती पर सुशासन दिवस मनाया गया और उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छता हेतु शपथ दिलायी गई।

### जयंती पर लगाये अटल जी का जयकारा

**सुहेला।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी बाजपेई जी की जयंती पर सुहेला में श्री बाजपेयी के तैलीय चित्र पर फूल माला पहनाकर जयकारा लगाया गया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच सविता संतोष वर्मा, ग्रामवासी भूतपूर्व सरपंच निरंजन वर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री हेमंत बाघमार, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



# जनपद पंचायत सारंगढ़ में मनाया गया सुशासन दिवस



**भटगांव।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। सारंगढ़ जनपद पंचायत में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी सहित जनप्रतिनिधियों ने वाजपेयीजी की पूजा की। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभी नागरिकों के साथ सुशासन दिवस की शपथ दिलायी। मंच संचालन शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी ने की। इस अवसर पर अतिथियों में सुभाष जालान, अजय गोपाल, मनोज जायसवाल, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर टीआर महेश्वरी, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, सीईओ संजू पटेल, तहसीलदारगण नेत्रप्रभा सिदार, रूपाली मेश्राम, कोमल प्रसाद साहू, कुलदीप और बिहान समूह की महिला सदस्य उपस्थित थे।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में धावा 75 हजार की चोरी

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक महिला ने अज्ञात के खिलाफ नकदी 20 हजार रुपए सहित 75 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक काम्या कर्वे ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। काम्या ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात चोर गुरुवार से शनिवार दरमियानी रात उसके मकान का ताला तोड़कर घर में प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी तथा जेवर पर हाथ साफ कर दिया।

### बेलसोंडा में बुजुर्ग ने किया चापड़ से जानलेवा हमला, युवक गंभीर

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में युवक की बातों से उग्र हुए बुजुर्ग ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि सागर चंद्राकर पिता भरत लाल (27 साल) ने रमेश चंद्राकर पिता चमरू चंद्राकर (69 साल) को गांव में शराब बेचकर गांव का माहौल खराब कर रहे हो कहते हुए थप्पड़ मार दिया, जिस पर रमेश चंद्राकर गुस्से में आकर घर के अंदर गया और चापड़ लाकर सागर पर ताबड़ तोड़ हमला कर दिया। जिससे सागर के सिर, चेहरे, गर्दन में गंभीर चोटें आई। पुलिस ने आरोपी के विरुध्द धारा 307 भादवि के तरह अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### पान ठेला से 9 लीटर प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करते हुए ललित साहू पिता जोईधा राम साहू (40 साल) ग्राम पिटियाझर को पान ठेला में रखे 9 लीटर देशी प्लेन शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम करते हुए कार्रवाई की गई है।

### महुआ शराब बेच रहा व्यक्ति गिरफ्तार

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान महुआ शराब बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार ग्राम घुंचापाली बांधा के पास अवैध शराब की बिक्री कर रहे सेवक राम नेताम पिता ओल सिंह नेताम (42 साल) घुंचापाली को 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए के साथ पकड़ा है। पुलिस ने धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी पर अपराध कायम करते हुए रिमांड पर लिया है।

### टोंगोपानीकला में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टोंगोपानीकला में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सर्वप्रथम वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। बाद गांव में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। अटल चौक में साफ सफाई की और रंग रोगन भी किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव सत्येंद्र चंद्राकर, ग्राम पंचायत सरपंच हरखराम, हेमकुमारी साहू उपसरपंच, अंजोरसिंह ठाकुर रोजगार सहायक, देवेंद्र साहू ग्राम पंचायत पंचगण एवं ग्रामीण खीरुराम ठाकुर, रामलाल ठाकुर, दुकालू ठाकुर, हेमंत साहू, बालकुवर ठाकुर, सुनैना साहू, चमेली ठाकुर, गायत्रीसाहू, बसंता बाई साहू आदि मौजूद रहे।

# देखरेख के अभाव में बिखरी बच्चों की खेल सामग्री, कई खराब होने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

नगर पंचायत कसडोल के विभिन्न स्थानों पर बच्चों के खेलने कूदने के लिए मंगाए गए समान को व्यवस्थित नहीं किए जाने के कारण बच्चों को खेलते नहीं बन रहा है। वहीं खेल सामग्री इधर-उधर पड़े होने के कारण नष्ट भी हो रही है।ज्ञात हो कि नगर के विभिन्न स्थानों पर पंचायत द्वारा पिछले करीब छः महीने पहले किसी एजेंसी के माध्यम से लाखों रुपए का झूला, फिसलपट्टी सहित कई प्रकार की खेल सामग्री लगाई गई है, जिसे जहां पाए वहा रख दिया गया है। मोहल्ले के बच्चे अब लगायेंगे तब लगायेंगे देखते रहे, लेकिन देखते देखते महीनों बीत गया, न अब तक नहीं लगाए गए और घास फूंस के बीच सड़ रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि नगर के लगभग वार्डों में जिम का सामान भी मंगाया गया था, लेकिन जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण जिम का सामान भी कई जगह से गायब है। नगर के वार्ड नंबर 5 में कुछ माह पहले सरस्वती स्कूल के समीप चबूतरा में जिम का नया सामान रखा गया था, लेकिन पार्षद की लापरवाही और गैर जिम्मेदारी के कारण जिम का समान वर्तमान में गायब है। वार्ड के लोगों ने बताया कि पार्षद राकेश सिदार द्वारा जनहित के काम कराने के अलावा सुख दुःख में साथ निभाने का वायदा किए हैं। पार्षद ही गायब रहते है, जिसके कारण वार्ड में विकास कार्य नहीं हो सका है।

## लाखों के झूले, फिसलपट्टी सहित कई प्रकार की खेल सामग्री कंडम






### एजेंसी खेल सामग्री लगवाएगा

अकलतरा की एक एजेंसी द्वारा खेल सामग्री को लाकर रखा गया है और इसे वहीं लगवाएगा।

-सचित कुमार साहू
मुख्य नगर पालिका अधिकारी

## नगरीय निकाय सारंगढ़, सरिया, बरमकेला, बिलाईगढ़, भटगांव में मनाया गया सुशासन दिवस

# सुशासन के अनुरूप सभी पारदर्शिता के साथ कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

जिले के नगरीय निकायों में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई काम्प्लेक्स सारंगढ़ में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी सहित जनप्रतिनिधियों ने वाजपेयी जी की प्रतिमा की पूजा की। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभी नागरिकों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयीजी के जन्मदिन को देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। सुशासन के अनुरूप सभी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। वाजपेयीजी की जीवनी को पढ़कर उनके बताए मार्ग पर चलकर बेहतर नागरिक का कर्त्तव्य निभाएं। अतिथि अजय गोपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयीजी की कृतित्व और किसानों के प्रति प्रेम के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सुभाष जालान, अरविंद हरिप्रिया, अजय गोपाल, मयूरेश केशरवानी, मनोज जायसवाल, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर टीआर महेश्वरी, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार, रूपाली मेश्राम, कोमल प्रसाद साहू, सीएमओ राजेश पांडेय, उप अभियंता उत्तम कंवर, रोशन यादव, राजू यादव सहित नगरपालिका के सफाई कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। नगर पंचायत सरिया में सीएमओ माजिद खान, बरमकेला में सीएमओ अनिल सोनवानी, भटगांव में सीएमओ मधुलिका और बिलाईगढ़ में सीएमओ मनीष गायकवाड़ के नेतृत्व में सुशासन दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर बरमकेला में बीईओ नरेश चौहान, बीएमओ अवधेश पाणिग्राही, बिलाईगढ़ में बीईओ एसएन साहू उपस्थित थे।



### पिसीद पंचायत में मनाया गया सुशासन दिवस



**कसडोल।** ग्राम पंचायत पिसीद के अटल चौक (बाजार चौक) में भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर सुशासन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी बाजपेयी के छाया चित्र पर तिलक व माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात सरपंच एवं कार्यक्रम अध्यक्ष सुक्रिता कामता प्रसाद पटेल, रोजगार सहायक शांति मानिकपुरी, भाजपा सदस्य श्याम रतन पटेल, नारायण पटेल, अस्थिर दास वैष्णव, पुनेन्द्र पटेल, रामाधीन पटेल, संतोष साहू, गोलू निर्मलकर, झाडूराम पटेल और उमाशंकर पटेल ने एक के बाद एक सभी ने श्री अटलजी के जीवन और उसके योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## बैजनाथ खपरी में रासेयो शिविर का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनारदेवरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिए युवा के तहत शासकीय प्राथमिक शाला बैजनाथ-खपरी के प्रांगण में रविवार को शुभारंभ हुआ, जो 30 दिसंबर तक संचालित होगा।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि चरणदास तेहरवंश सरपंच, कमलेश प्रसाद कनौजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के उप प्राचार्य, ग्राम के समस्त पंच, कल्पना भगत कार्यक्रम अधिकारी के आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में रासेयो के वरिष्ट स्वयं सेवक, टीकाराम यादव, आकांक्षा बंजारे एवं 30 स्वयं सेवक सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### तापमान में गिरावट वापस लौटेगी ठंड

**रायपुर ।** पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद आसमान के साफ होने से एक बार फिर ठंड की वापसी के आसार हैं। अभी हवा की दिशा पूर्वी है, जिसकी वजह से तापमान में अधिक गिरावट नहीं होगी और ठंड का असर बहुत अधिक होने के आसार नहीं हैं। बादल साफ होने की वजह से रविवार की सुबह काफी देर तक धुंध का असर रहा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव राज्य में न्यूनतम तापमान दो डिग्री तक चढ़ गया था, वहीं रायपुर का पारा भी 14 डिग्री के करीब पहुंच गया था। विक्षोभ का असर रविवार को समाप्त हो गया, जिसकी वजह से आसमान खुलने से तापमान में अब गिरावट के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के मुताबिक हवा की दिशा अभी भी पूर्वी है।

# छात्रों ने मनाई गुरु घासीदास जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुड़ा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय –दतान((खैरा) में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं संस्था के अन्य छात्र एवं छात्राओं द्वारा संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर के मार्गदर्शन में गुरु घासीदास जयंती धुमधाम से मनाई गई। जयंती का प्रारंभ गुरु घासीदास के आरती एवं झण्डा चढ़ा कर किया गया कार्यक्रम को देखने के लिए गांव से बच्चे एवं महिलाएं भी शामिल हुए। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा पंथी नृत्य किया गया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक लीना बांधे, सिमरन बंजारे, मंजु बंजारे, दुर्गा डहरिया, मुकेशवरी बंजारे, विनीता बारले, धनेश्वरी बांधे, ईश्वरीय डहरिया, अनीता बंजारे, माधुरी बंजारे, पुनम धीवर, सुमन निषाद, भूमिका यादव, मंजु चंदेल, सोनम बंजारे आदि स्वयं सेवकों ने संत शिरोमणी गुरु घासीदास जयंती पर सुन्दर पंथी नृत्य किया जिसका गांव से आये हुए अतिथियों ने बहुत ही प्रशंसा किया कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक चन्द्र प्रकाश निर्मलकर, मोहित रजक, अनुशवर यादव, सतीश भारद्वाज, राकेश साहू, सुखदेव पैकरा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### मध्यप्रदेश के तस्करों से 6 लाख का गांजा जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद/सरायपाली।** दोपहिया वाहन स्कूटी में 6 लाख रुपए का गांजा तस्करी कर रहे दो युवकों को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के वाहन जांच में 12 किलो गांजा पाया गया जिसे वे ओड़ीशा से लेकर मध्यप्रदेश ले जा रहे थे। सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि थाना प्रभारी को 24 दिसंबर को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर ओडिशा की ओर से आ रही वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान छत्तीसगढ की ओर आ रही एक सफेद कलर की स्कूटी डेस्टिनी प्राइम सोल्ड को रोका गया। स्कूटी चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सौरभ मिश्रा पिता दिनेश कुमार मिश्रा (29 साल) नासी वार्ड नंबर 13 ग्राम मनिकवार पोस्ट दुअरा थाना मनगवां जिला रीवां मध्यप्रदेश तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम कौशलेश प्रसाद तिवारी पिता केशरी तिवारी (24 साल) निवासी पतेला पोस्ट दुअरा थाना लेर जिला रीवां मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने स्कूटी में रखे बोरी को चेक किया तो उसमें 12 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला।

# श्रीराम मंदिर में विधायक ने लगाया चंदन का पौधा और नगर के चौक चौराह में की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

समीपस्थ ग्राम पंचायत पिसीद में विधायक संदीप साहू ने निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर के पास चंदन पौधे का रोपण किया। वहीं मंदिर निर्माण कार्य का अवलोकन भी किये। श्री राम मंदिर निर्माण समिति के मुख्य सलाहकार श्यामरतन पटेल, अध्यक्ष उमाशंकर पटेल, कोषाध्यक्ष हिमानचंद देवांगन, सचिव कृष्ण कुमार पटेल, सेवक राम पटेल ने उनका आभार व्यक्त किया।

इसके बाद विधायक आजाद चौक पहुंचे और अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की प्रतिमा पर पूजन-माल्यार्पण किया। इसके बाद वे नेहरू चौक पहुंचे, नेहरू जी और चौक में गौरा गौरी देवी का पूजन किया। इसके बाद वे गुरुघासीदास चौक पहुंचे, जहां उन्होंने जैतखंबा पर नारियल चढ़ाया। इसके बाद बाज़ार चौक पहुंचने पर विधायक का भव्य स्वागत किया गया। बाजार चौक में विधायक ने कबीर कुटिया पहुंचे, जहां वे कबीरजी की आरती में शामिल हुए और पूजन अर्चना की। इस तरह से विधायक श्री साहू सम्पूर्ण ग्राम का भ्रमण किये। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।





### अयोध्या से गांव पहुंचा अक्षत




**खरोरा।** ग्राम मांठ में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आये अक्षत कलश का भव्य स्वागत डीजे व फटाकों के साथ करते हुये पूरे गांव का भ्रमण कराया गया। अक्षतकलश का पूजन पंडित चंदन शर्मा ने किया। अवगत हो कि श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में जनवरी को मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा होना है। आये हुये कलश में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण का पूजित अक्षत हैं, जिसे हर गांव तक पहुंचाने एवं हर घर तक आमंत्रण के रूप में पहुंचाने का कार्य कार्यकर्ताओं को दिया गया है, क्योंकि छत्तीसगढ़ के हर गांव से एक ईंट मन्दिर निर्माण हेतु अयोध्या पहुंचा है। ग्राम मांठ मंडल के संयोजक सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि ग्राम मांठ मण्डल से ग्राम तिलदडीह, मुड़पार, पिकारी डीह, नवागांव व बेलदार सिवनी में भी कलश वितरण का राम धुनी के साथ विधिवत पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में मुख्य मण्डल के संयोजक सुरेन्द्र वर्मा सहित सहसयोजक मुकेश वर्मा, शेष नारायण वर्मा, लोकेन्द्र वर्मा, विजय यादव, राहुल यादव, राजा निर्मल कर, पवन वर्मा, ताराचन्द, श्रवन यादव, लल्ला वर्मा, रामचंद्र वर्मा, तिलक वर्मा, नरोत्तम यादव, शिवपाल, खेम निर्मलकर, झबबु यादव, कमलेश वर्मा, शत्रुघ्न सेन, अनुराग वर्मा, यशवंत वर्मा, राकेश यादव, टीनकु वर्मा, ईतवारी पटेल सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# मुंडा सोसाइटी में हुआ बोनस कार्ड का वितरण



**मुंडा।** भाजपा द्वारा अपने घोषणा पत्र में किए गए वादों के अनुसार 25 दिसंबर सुशासन दिवस पर किसानों को बोनस के रूप में बोनस कार्ड वितरण किया गया। दो वर्षों के बकाया बोनस की राशि योग कर बोनस कार्ड में भरकर मुंडा, कोलिहा, सर्वाडिह, चिरपोटा, खमहारड़ी के आए हुए सभी किसानों को बोनस कार्ड वितरण किया गया। वहां उपस्थित समिति प्रबंधक शेखर साहू, ऑपरेटर बिदेश्वरी श्रीवास, कृषक अशोक वर्मा, सेवक राम वर्मा, प्रताप वर्मा, पीलाराम वर्मा, बलभद्र साहू, माखन, फेकर, मोरध्वज वर्मा, दीवान यादव व समिति के सदस्य सम्मिलित थे।

# स्वास्थ्य शिविर में 206 बच्चों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सर्वेश्वरी समूह शाखा भाटापारा द्वारा बालक–बालिका निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 206 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर तत्काल दवा उपलब्ध करवायी गयी गई। यह कार्य बलौदाबाजार के शिशु रोग विशेषज्ञ डा. आदर्श साहू द्वारा किया गया। गंभीर रुप से अस्वस्थ्य 4 बच्चों को डाक्टर द्वारा अपने पालकों के साथ बलौदाबाजार बुलाया गया, जहां पर विभिन्न जांच के उपरांत उनका निःशुल्क इलाज प्रारंभ किया जायेगा। इस शिविर को सफल बनाने में साहू मेडिकल स्टोर बलौदाबाजार के प्रोप्राइटर नंदकुमार साहू का योगदान सराहनीय रहा। शिविर समापन पश्चात समूह शाखा मंत्री दीपक ठाकुर द्वारा डा.आदर्श साहू व उनकी टीम के सदस्य नंदकुमार साहू, डोमेन्द्र साहू, गोवर्धन वर्मा, रोहित महाराज को साल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।



